देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 17.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन ने हरित विकास को बढ़ावा देने में उत्तराखंड के प्रयासों की सराहना की।
- स्टार्टअप इंडिया रैंकिंग में प्रदेश को मिला 'लीडर' का दर्जा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– यह उपलब्धि उत्तराखंड के सभी उद्यमियों, स्टार्टअप्स और अधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम।
- गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय ने आगामी चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूरा करने के निर्देश दिए।
- जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत चम्पावत और उत्तरकाशी जिले में शिविरों का आयोजन।

------------

**<u>उपराश्ट्रपति</u>**

उपराष्ट्रपति सी.पी राधाकृष्णन ने हरित विकास को बढ़ावा देने में उत्तराखंड के प्रयासों, विशेष रूप से सौर ऊर्जा क्षेत्र की सराहना की। उन्होंने सकल घरेलू उत्पाद के साथ ही सकल पर्यावरणीय उत्पाद की अवधारणा को देश में सबसे पहले लागू करने के लिए भी राज्य की प्रशंसा की। आज देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तराखंड नवीकरणीय ऊर्जा, जैविक कृषि, बागवानी, पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों, आयुष, इकोटूरिज्म, स्टार्टअप और कौशल विकास में अपनी विशाल क्षमता के साथ एक अद्वितीय स्थान रखता है। प्रदेश के रणनीतिक, आध्यात्मिक और विकासात्मक महत्व पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सत्यम, शिवम और सुंदरम का प्रतीक है। प्रधानमंत्री द्वारा माणा गांव को भारत का पहला गांव कहे जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे सीमांत क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देने वाली दूरदर्शी सोच बताया। श्री राधाकृष्णन ने वाइब्रेंट सीमावर्ती गांवों को भारत की ताकत की पहली पंक्ति बताया और युवाओं को प्रेरित करने तथा राष्ट्र निर्माण को मज़बूत करने के लिए मीडिया से सकारात्मक, विकास–उन्मुख खबरों को बढ़ावा देने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## स्टार्टअप इंडिया रैंकिंग

स्टार्टअप इंडिया रैंकिंग में उत्तराखण्ड को 'लीडर' का दर्जा मिला है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा जारी राज्यों की स्टार्टअप इकोसिस्टम रैंकिंग में उत्तराखण्ड को मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करने में 'लीडर' के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर प्रदेश के उद्योग विभाग को प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि यह सम्मान उत्तराखण्ड के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल नीतियां, सरल प्रक्रियाएं और मजबूत इकोसिस्टम विकसित किया है। प्रदेश के युवाओं में नवाचार की अद्‌भुत क्षमता है और सरकार हर स्तर पर उन्हें सहयोग प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के सभी उद्यमियों, स्टार्टअप्स और अधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

## खाद्य विभाग

बागेश्वर में चल रहे उत्तरायणी मेले में श्रद्धालुओं और आम लोगों की सेहत को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम ने करीब दो दर्जन दुकानों का निरीक्षण किया। सहायक आयुक्त ने बताया कि टीम ने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था और स्वच्छता की स्थिति की जांच की। उन्होंने बताया कि व्यापारियों द्वारा बेची जा रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए विभाग ने नौ नमूने लिए हैं, जिनकी जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

## केंद्र स्वीकृति

पिथौरागढ़ जिले में धारचूला तहसील के सिमखोला–गाड़ पर प्रस्तावित 12 मेगावाट की तांकुल जल विद्युत परियोजना के लिए केंद्र सरकार से भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति मिल गई है। इससे परियोजना के शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना पर लगभग 146 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है और इसका निर्माण रन ऑफ द रिवर तकनीक से किया जाएगा। परियोजना में तीन मेगावाट की चार यूनिटें लगाई जाएंगी।

इससे सालाना करीब 70 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा, जिससे धारचूला क्षेत्र और नेपाल के सीमावर्ती गांवों को भी बिजली मिल सकेगी। साथ ही स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## चारधाम तैयारी

आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर आज गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय की अध्यक्षता में ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप में उच्च स्तरीय बैठक हुई। गढ़वाल आयुक्त ने यात्रा को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा मार्गों को दुरुस्त रखने, पार्किंग क्षमता बढ़ाने, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और हेली सेवाओं सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की अभी से तैयारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि इस वर्ष यात्रा को और अधिक सुगम व सरल बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे।

## जनजन की सरकार

प्रदेश में 'जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार' कार्यक्रम लगातार जारी है। इसके तहत सरकार सीधे जनता तक पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। इसी क्रम में आज चम्पावत जिले के पाटी विकासखण्ड के चौड़ाकोट, पाटी और लोहाघाट के कोली ढेक न्याय पंचायत में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में लोगों को सरकार की विभिन्न जन–कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं का निराकारण किया गया। कोली ढेक में आयोजित शिविर में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर नागरिक की समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उधर, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उत्तरकाशी जिले के गंगोरी स्थित इंटर कॉलेज में बहुउद्देशीय शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 32 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और स्वयं सहायता समूहों को सीआईएफ के चेक प्रदान किए।

साथ ही कृषि विभाग के माध्यम से 80 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को दो पावर वीडर और आटा चक्की वितरित की।

**भौक्षिक भ्रमण दल**

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से जिले के 17 पीएम श्री विद्यालयों के कक्षा 9 और 11 के 68 चयनित विद्यार्थियों के शैक्षिक भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर राजस्थान के लिए रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह भ्रमण छात्रों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक दृष्टि से समृद्ध अनुभव देगा तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होगा। छात्रों का यह दल जयपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और जोधपुर का एक सप्ताह का शैक्षिक भ्रमण करेगा।